Under CSR Support by ipca | Foundation missiongyan

अध्याय - 8 | ऐल्डिहाइड, कीटोन एवं कार्बोक्सिलिक अम्ल

QUIZ PART-03

1. **कीटोन का विरचन निम्न में से किस विधि द्वारा किया जा सकता है?**
   A. ऐसिल क्लोराइड से
   B. नाइट्राइल से
   C. बेंजीन या प्रतिस्थापित बेंजीन से
   D. उपरोक्त सभी (D)

व्याख्या : कीटोन का विरचन ऐसिल क्लोराइड, नाइट्राइल तथा बेंजीन या प्रतिस्थापित बेंजीन तीनों से किया जा सकता है।

2. **ऐसिल क्लोराइड से कीटोन बनाने में कौन-सा अभिकर्मक प्रयुक्त होता है?**
   A. Grignard अभिकर्मक
   B. कैडमियम क्लोराइड
   C. R_2Cd (डायएल्किल कैडमियम)
   D. $NaBH_4$ (C)

व्याख्या : ऐसिल क्लोराइड से कीटोन बनाने में डायएल्किल कैडमियम (R_2Cd) का प्रयोग किया जाता है।

3. **नाइट्राइल से कीटोन का विरचन किस अभिक्रिया द्वारा होता है?**
   A. ऑक्सीकरण
   B. अपचयन
   C. ग्रिन्यार्ड अभिक्रिया
   D. बहुलकीकरण (C)

व्याख्या : नाइट्राइल पर ग्रिन्यार्ड अभिकर्मक की क्रिया से कीटोन बनता है।

4. **बेंजीन या प्रतिस्थापित बेंजीन से कीटोन बनाने की अभिक्रिया को क्या कहते हैं?**
   A. फ्राइडेल–क्राफ्ट्स ऐसिलेशन
   B. गाटरमैन अभिक्रिया
   C. ओजोनी अपघटन
   D. रोसेनमुंड अपचयन (A)

व्याख्या : बेंजीन पर ऐसिल क्लोराइड की क्रिया से कीटोन बनने की प्रक्रिया फ्राइडेल–क्राफ्ट्स ऐसिलेशन कहलाती है।

5. **निम्न में से कौन-सा ऐल्डिहाइड कमरे के ताप पर गैस होता है?**
   A. एसीटैल्डिहाइड
   B. फॉर्मैल्डिहाइड
   C. प्रोपनैल
   D. ब्यूटिरैल्डिहाइड (B)

व्याख्या : फॉर्मैल्डिहाइड (HCHO) कमरे के ताप पर गैस अवस्था में पाया जाता है।

6. **ऐल्डिहाइड एवं कीटोन के क्वथनांक की तुलना समान आणविक द्रव्यमान वाले किस यौगिक से अधिक होती है?**
   A. ऐल्केन
   B. ऐल्कीन
   C. ईथर
   D. हाइड्रोकार्बन (C)

व्याख्या : ऐल्डिहाइड व कीटोन का क्वथनांक समान आणविक द्रव्यमान वाले ईथर से अधिक होता है।

7. **निम्न में से किस यौगिक की गंध तीक्ष्ण होती है?**
   A. उच्च ऐल्डिहाइड
   B. निम्न ऐल्डिहाइड
   C. उच्च कीटोन
   D. ठोस कीटोन (B)

व्याख्या : निम्न ऐल्डिहाइडों में तीक्ष्ण गंध पाई जाती है।

8. **ऐल्किल श्रृंखला की लंबाई बढ़ने पर ऐल्डिहाइड व कीटोन की विलेयता का क्या प्रभाव पड़ता है?**
   A. बढ़ती है
   B. घटती है
   C. समान रहती है
   D. पहले बढ़ती फिर घटती है (B)

व्याख्या : ऐल्किल श्रृंखला बढ़ने पर जल में विलेयता घटती जाती है।

9. **निम्न में से कौन-सा यौगिक कमरे के ताप पर द्रव होता है?**
   A. HCHO B. CH_3CHO
   C. दोनों D. कोई नहीं (B)

व्याख्या : एसीटैल्डिहाइड (CH_3CHO) कमरे के ताप पर द्रव अवस्था में होता है।

10. **निम्न में से सही क्वथनांक का बढ़ता क्रम कौन-सा है?**
   A. $CH_3CH_2OH > CH_3CHO > CH_3OCH_3 > CH_3CH_2CH_3$
   B. $CH_3CHO > CH_3CH_2OH > CH_3CH_2CH_3 > CH_3OCH_3$
   C. $CH_3CH_2CH_3 > CH_3OCH_3 > CH_3CHO > CH_3CH_2OH$
   D. उपरोक्त में से कोई नहीं (C)

व्याख्या : अंतराआण्विक बलों के आधार पर क्वथनांक का सही बढ़ता क्रम यही होता है।

मिशन ज्ञान जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें 100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES Download Mission Gyan App